FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम—26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

ओमप्रकाश बनाम जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

किस्म मुकदमा/ बाजदायरी प्रार्थना पत्र/ आर्म्स/नं0/2022/154 जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	अपी0 अधि0 : श्री बी0एस0 शेखावत	
02.05.2022	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट अधिवक्ता उपस्थित। यह बाजदायरी प्रार्थना—पत्र मूल अपील संख्या 2019/00167 बउनवान ओमप्रकाश बनाम जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अजमेर में निर्णय 04.04.2022 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्व अपीलान्ट की ओर से अभिभाषक श्री बी0एस0 शेखावत द्वारा दिनांक 28.04.2022 को प्रस्तुत किया गया है। बाजदायरी प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी के अभिभाषक को एक तरफा सुना गया। बाजदायरी प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अपीलान्ट अभिभाषक की बाजदायरी प्रार्थना पत्र पर हुई बहस पर मनन किया तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया गया। न्यायहित मे अपीलान्ट का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थना पत्र सम्बंधित मूल अपील संख्या 2019/00167 बउनवान ओमप्रकाश बनाम जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अजमेर को पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned with CamScanner